हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, गुरुवार, 15 मई 2025

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

अवैध खदानों को बंद कराने कांग्रेसियों ने किया... 14



जिला स्तरीय समर कैम्प का कलेक्टर ने किया निरीक्षण 14





## खबर संक्षेप

### भुनेश्वरी सहारे को मिला राशन कार्ड का सहारा

**कांकेर।** जिले के दुर्गूकोंदल ब्लॉक के ग्राम कोड़ेकुर्से में समाधान शिविर लगाया गया, जिसमें भुनेश्वरी सहारे ने बताया कि सुशासन तिहार के तहत दिए गए आवेदन पर कैसे उन्हें राशन कार्ड मिला। श्रीमती सहारे ने बताया कि समाधान शिविर में जिला प्रशासन द्वारा उनकी मांग पर तत्काल राशन कार्ड बनाकर वितरित किया गया। राशन कार्ड बन जाने से अब उन्हें शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ मिलेगा। श्रीमती सहारे ने इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।



### लेबर भर्ती व मूलभूत सुविधाओं के लिए सौंपा गया ज्ञापन

**भानुप्रतापपुर।** ग्राम पंचायत भैसाकन्हार द्वारा गोदावरी माइंस कच्चे में ग्राम पंचायत भैंसकन्हार से लेबर भर्ती और मूलभूत सुविधा के लिए ग्रामीणों ने भानुप्रतापपुर एसडीएम कार्यालय में कलेक्टर के नाम का ज्ञापन सौंपा गया। गोदावरी माइंस के अंतर्गत भैसाकन्हार ग्राम पंचायत आता है, परंतु गांव से किसी को लेबर भर्ती और विकास कार्य नहीं हुए है। विगत 15 सालों से संचालित हैं, परंतु भैसा कन्हार ग्राम प्रभावित क्षेत्र के अंतर्गत आता हैं। परन्तु माइंस द्वारा आज तक हमारे ग्राम से लेबर भर्ती या फिर ग्राम के विकास से संबंधित कोई कार्य नहीं किया गया है। 10 दिन के भीतर यदि माइंस प्रबंधक द्वारा लेबर की भर्ती और मूलभूत सुविधाओं पर विचार नहीं किया जाता है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। भैसाकन्हार के सरपंच, उपसरपंच व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### महिला की ईलाज के दौरान हो गई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** गोण्डाहूर थाना क्षेत्र के 55 वर्षीय झरना दास का ईलाज के दौरान धमतरी के अस्पताल में मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका का स्वास्थ्य खराब होने के कारण अस्पताल में भर्ती किया था, जिसका 21 अप्रैल को ईलाज के दौरान मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### इलाज के दौरान अस्पताल में मासूम की गई जान

**कांकेर।** सीएचसी पखांजुर के वार्ड बॉय ने अस्पताल मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि तीन वर्षीय हिमेश का स्वास्थ्य खराब होने के कारण ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। जिसकी ईलाज के दौरान 4 मई को मौत हो गया। मर्ग डायरी परतापुर थाना में पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### नाबालिग का ईलाज के दौरान मौत, जांच जारी

**कांकेर।** सीएचसी पखांजुर में ईलाज के दौरान 24 अप्रैल को 16 वर्षीय सूरज साह का मौत हो गया। थाना पखांजुर में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी परतापुर थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### तैराकी की बारीकियां सीख रहे खिलाड़ी

**बीजापुर।** जिला प्रशासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का प्रारंभ 10 मई को किया गया। स्विमिंग पूल में चारों विकासखंड के विभिन्न आयु वर्ग के लगभग 50 खिलाड़ी प्रतिदिन सुबह और शाम को तैराकी का प्रशिक्षण ले रहे हैं। कोच दीप्ति वर्मा द्वारा तैराकी की बेसिक जानकारी के साथ एडवांस तकनीक को बताते हुए खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। खिलाड़ी बड़ी संख्या में तैराकी में रुचि ले रहे हैं तथा प्रतिभागियों की संख्या और बढ़ने की संभावना है।

हमला : घायल ग्रामीण को इलाज के लिए जिला अस्पताल में कराया भर्ती, हालत सामान्य

# टंहकापार में तेंदुए ग्रामीण को घायल करते हुए घर में घुसा, दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर/चारामा

टंहकापार में पहाड़ से अचानक तेंदुआ गाँव में बुधवार की सुबह पहुँचा और गोपी साहू के घर के पास से गुजर रहे ग्रामीण प्रदुमन को तेंदुआ घायल करते हुए गोपी साहू के घर में घुस गया। घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया, वहीं गाँव में दहशत का माहौल बना हुआ है। वन विभाग की टीम सुबह से रेस्कयू करने के लिए तैनात है, परंतु समाचार लिखे जाने तक तेंदुआ घर में ही कैद रहा।

- रेस्क्यू के लिए वन विभाग की टीम पहुँची, दिनभर नहीं तेंदुआ को नहीं पकड़ पाई

जानकारी के अनुसार चारामा वन परिक्षेत्र के उप परिक्षेत्र हल्बा वन परिसर के अंतर्गत ग्राम टंहकापार में तेंदुआ 14 मई बुधवार की सुबह 50 वर्षीय प्रदुमन पिता जयलाल घर के गांव की सड़क से जा रहा था, उसी समय अचानक तेंदुआ आकर प्रदुमान को घायल करते हुए गोपी साहू के घर पर घुस गया। तेंदुआ के इस हरकत की जानकारी वन विभाग को दिया गया और वन विभाग का अमला मौके पर पहुँचकर घायल को ईलाज के लिए जिला अस्पताल पहुँचाया। तेंदुआ जिस घर में घुसा था, वहाँ पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई थी। वन विभाग का अमला भीड़ को हटाने का प्रयास किया और माहौल को शांत रखने के लिए ग्रामीणों से अपील भी किया। इस इलाके में तेंदुआ का मूवमेंट सदैव बना रहता है। घायल ग्रामीण की जान बचते बचत बची। ग्रामीण दहशत में था और उसको तत्काल ईलाज मिल जाने से राहत मिल गई। वन विभाग का अमला लगातार ग्रामीणों को समझाईश दे रहा था, परंतु ग्रामीण हटने को तैयार ▶▶ शेष पेज 12 पर





### घायल का जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

टांहकापार निवासी 50 वर्षीय प्रद्युमन निषाद पिता जयलाल पर तेंदुआ ने जिस समय हमला किया। उसने जान बचाने के लिए जोर से चिल्लाया। आवाज को सुनकर तेंदुआ भी डरा और सीधे सामने वाले घर में घुस गया। घायल होने की जानकारी मिलने पर वन विभाग ने तत्कालिक चिकित्सा सहायता की राशि प्रदान कर उचित उपचार के लिए कांकेर के जिला अस्पताल भर्ती कराया। चिकित्सकों की मानें तो घायल ग्रामीण की स्थिति फिलहाल ठीक बताई जा रही है।



घायल प्रद्रुमन जिला अस्पताल में

### ग्रामीणों को दिनभर देते रहे समझाइश

वन विभाग और पुलिस की टीम तेंदुआ जिस ग्रामीण के घर में घुसा हुआ था, उसी के आसपास डेरा डाले हुए थे। वन विभाग की टीम के द्वारा सतत निगरानी की जा रही है। ग्रामीणों को उस क्षेत्र से थोड़ी दूरी बनाए रखने की समझाइश दी जा रही है, ताकि किसी अप्रिय घटना से ग्रामीणों को नुकसान ना पहुंचे। वन विभाग की एक टीम भीड़ लगाने वालों को समझाने में डटे रहे।

### रेस्क्यू करने पहुंची टीम

तेंदुए को सुरक्षित ढंग से पकड़ने के लिए वन विभाग की रेस्क्यू करने वाली अनुभवी टीम व आवश्यकता अनुसार ट्रंकुलाईज करने निश्चेतना टीम मौके पर पहुंच गई थी। संयुक्त टीम के प्रयास से तेंदुए का सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे अन्यत्र वन्य क्षेत्र में सुरक्षित पहुंचाने का प्रयास वन अमले के द्वारा किया जा रहा था। देर शाम तक वन विभाग की संयुक्त टीम रेस्क्यू करके तेंदुआ को नहीं निकाल पाई। वन विभाग का कहना था कि भीड़ हट जाएगी और अंधेरा हो जाएगा तो स्वमेव तेंदुआ निकल जाएगा।

# मालवाहकों पर सवारी ढोने पर पुलिस हुई सख्त, शुरू की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

मालवाहक वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने के चलते बड़े हादसे होने के बाद विभाग की नींद खुलती है और

- भानुप्रतापपुर पुलिस ने पिकअप का 5 हजार का काटा चालान

ऐसे वाहनों पर कार्रवाई करने के लिए पुलिस को सख्त निर्देश दिया गया है। जिसके तहत भानुप्रतापपुर पुलिस ने पिकअप में ढो रहे सवारी पिकअप चालक पर 5 हजार का जुर्माना ठोंका गया।

जानकारी के अनुसार माल वाहक वाहन में सवार 13 लोग दुर्घटना के शिकार रायपुर इलाके में कुछ दिनों पहले हुई थी। उसी मामले को देखकर पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने ऐसे मालवाहक वाहन चालकों पर कार्यवाही करने के लिए फरमान जारी किया गया। फरमान जारी होने के बाद स्थानीय स्तर पर पुलिस सक्रिय हो गई। भानुप्रतापपुर पुलिस को पिकअप में सवारी ढोते हुए वाहन को पुलिस ने पकड़ा और उसके खिलाफ कार्यवाही करते हुए 5 हजार का चालान काटा गया। भानुप्रतापपुर पुलिस ने वाहन चालक को निर्देश दिया कि दुबारा मिलने पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। चालक का लाइसेंस जप्त करके लाइसेंस को निरस्त करने की कार्यवाही किया जाएगा।



### कार्रवाई लगातार जारी रहेगी

भानुप्रतापपुर थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख ने कहा कि वाहन का चालानी कार्रवाई करते हुए 5 हजार का जुर्माना लगाया गया है। वहीं यातायात प्रभारी दीपक साव ने बताया कि ऐसे वाहनों के द्वारा अब निरंतर कार्रवाई की जाएगी।

हरिभूमि ने इसके पहले भी परिवहन व पुलिस विभाग को सचेत किया था, कई वाहनों पर कार्यवाही भी हुई। कार्यवाही करने के दौरान जनप्रतिनिधियों के द्वारा वाहन छोड़ने के लिए फोन आ जाने के कारण पुलिस ने भी कार्यवाही करना बंद कर दिया। जनप्रतिनिधियों के द्वारा गलत काम करने के लिए बचाव के लिए फोन आते है, ऐसे में जिम्मेदार विभाग कार्यवाही करना छोड़ देते है और जब हादसे होते है, तब जनप्रतिनिधि मौन साध लेते है।

# संवेदनशील ग्राम कोड़ेकुर्से में प्रशासनिक की अमले ने ग्रामीणों की सुनी समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जिले के दूरस्थ विकासखंड दुर्गुकोंदल की संवेदनशील ग्राम पंचायत कोड़ेकुर्से में जिला प्रशासन द्वारा समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के विभिन्न ग्रामों के आवेदक अपने आवेदनों के समाधान से अवगत होने पहुंचे थे। शिविर में प्रशासन को अन्य कई समस्याएं गिनाई, जिसके निराकरण का ग्रामीणों ने आश्वासन दिया। आयोजित शिविर में सांसद भोजराज नाग ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सुशासन तिहार आयोजित कर रही है, जो वास्तव में सुशासन को प्रतिबिंबित कर रहा है। यह प्रशासन से संवाद और समाधान का तिहार है, जिसका लाभ ग्रामीणों को जरूर लेना चाहिए, जहां जिला स्तर के अधिकारी प्रत्येक आवेदन पर गंभीरता से विचार और निराकरण कर रहा है। कभी इस क्षेत्र के गांवों का विकास से दूर-दूर तक सरोकार नहीं था, वहीं आज उच्च स्तर के पुल-पुलिया, सड़क, जलाशय आदि के निर्माण से वनवासियों को बड़ी राहत मिली है। शिविर में उपस्थित कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्तमान में आवास प्लस प्लस अंतर्गत चल रहे सर्वे में पुराने और नए सभी आवेदनों को शामिल किया गया है ताकि सभी पात्र लोगों को योजना के दायरे में लाकर लाभान्वित किया जा सके। इसी प्रकार आयुष्मान वय ▶▶ शेष पेज 12 पर

- प्रशासन ने ग्रामीणों की समस्याओं का किया निदान

### 8 ग्रामीणों को दिया नवीन राशन कार्ड

इस अवसर पर अतिथियों ने 8 ग्रामीणों को नवीन राशन कार्ड वितरित किया, साथ ही कृषि विभाग की ओर से 09 कृषकों को मिनी बीज किट निःशुल्क वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में सांसद ने उपस्थित लोगों को जल संरक्षण के उपाय करने, वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर स्थापित करने व जल का अपव्यय रोककर बचत करने का संकल्प दिलाया। शिविर में जिला एवं जनपद पंचायत के प्रतिनिधिगण और काफी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# ग्राम छोटेबेठिया, उमरादाह, बैजनपुरी व बागोडार में 15 को समाधान शिविर

**कांकेर।** सुशासन तिहार के तहत आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण एवं शासन की जनकल्याकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में निर्धारित क्लस्टर तथा तिथि अनुसार जनपद पंचायतों में क्लस्टरवार समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आगामी 15 मई को जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के क्लस्टर छोटेबेठिया अंतर्गत ग्राम बेलगाल, जबेली, जनकपुर, धरमपुर, आकमेटा, कंदाड़ी, रेंगावाही, नागरदण्ड, ताड़वायली, सितरम, हनुमानपुर, छोटेबेठिया, श्रीपुर माचपल्ली और स्वरूपनगर के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी प्रकार जनपद पंचायत नरहरपुर के क्लस्टर उमरादाह अंतर्गत ग्राम श्रीगुहान, हटकाचारामा, किशनपुरी, आंखीहर्रा, कोचवाही, रिसेवाड़ा, बनसागर, उमरादाह, चरभट्टी, कुरना, चवांड़, ढेकुना, अमोड़ा और जुनवानी। भानुप्रतापपुर जनपद पंचायत के क्लस्टर बैजनपुरी के ग्राम कुर्री, बैजनपुरी, कनेचुर, डुमरकोट, भैसाकन्हार डू, सेलेगांव, हरनपुरी, चिल्हाटी और कोरर शामिल होंगे। जनपद पंचायत कांकेर के क्लस्टर बागोडार अंतर्गत ग्राम कोकड़ी बागोडार, नारा, हाटकोंगेरा, गोतपुर, सिदेसर, पेटोली, पांडरवाही, किरगोली, नाथियानवागांव, माकड़ीखूना और माकड़ी सिंगराय के ग्रामीण सम्मिलित होंगे।

### युवक ने लगाई फांसी, कारण अज्ञात

कांकेर। बड़गांव थाना क्षेत्र के युवक 26 वर्षीरू सोहन पुड़ो ने अज्ञात कारणों के चलते पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मिचेवाड़ा निवासी कमलेश पुड़ो ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 12 मई को कर्रा पेड़ में फंदा बनाकर झूल गया, जिससे उसकी मौत हुई। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

# सड़क दुर्घटना, सायबर, महिला व बच्चों से जुड़े अपराधों से छात्र- छात्राओं को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

भानुप्रतापदेव पीजी कॉलेज में यातायात पुलिस द्वारा यातायात व सड़क सुरक्षा जागरुकता एवं महिला, बच्चों से सम्बंधित अपराधों में जागरुकता, डिजिटल व साइबर जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से महाविद्यालय के छात्रों और प्रध्यापकों को जागरूक किया गया।

पुलिस मुख्यालय रायपुर के मंशानुसार विशेष जनजागरुकता अभियान के तरताम्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पीजी कॉलेज कांकेर में 14 मई को यातायात व सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी एवं सड़क दुर्घटना से बचने के उपाय के संबंध में अवगत कराया गया। इस दौरान दोपहिया व चारपाहिया वाहन चलाने के दौरान हमेशा सभी दस्तावेज अपने पास रखना, तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन ना चलाना, शराब पीकर वाहन ना चलाना, यातायात संकेतों तथा यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि सड़कें कैसे संकेत देती व कैसे बोलती है, जिसका हमें सड़क में चलने के दौरान हमेशा ध्यान रखना चाहिए। महिला सुरक्षा टीम के द्वारा महिला सुरक्षा, महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों के संबंध में विस्तार से जानकारी व इसके बचने के उपाय तथा किसी प्रकार के ऐसी घटना होती है तो त्वरित रूप से पुलिस को सूचित करने के संबंध में जानकारी दी गई। वर्तमान परिदृश्य में मोबाइल का प्रयोग अपरिहार्य होने के साथ ही अनेक फ्राडस्टर एवं साइबर क्रिमिनल के द्वारा जो अपराध घटित किया जा रहे हैं, उसके संबंध में नवीनतम जानकारी साझा किया गया तथा इस सम्बन्ध में उपस्थित विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। आयोजित कार्यक्रम एसपी आईके एलिसेला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिन्हा द्वारा बालक विरूद्ध अपराध की डीएसपी प्रतिभा लहरे, यातायात प्रभारी दीपक साव, सहायक उपनिरीक्षक सतीश वर्मा एवं महिला रक्षा टीम की उपस्थिति में किया गया।

### ये रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम, डॉ. विजय कुमार रामटेके, डॉ. बसंत नाग, डॉ. नवरतन साव, डॉ. सुमिता पांडे, डॉ. अलका केरकेटा एवं छात्र-छात्राएं की उपस्थित में हुआ।

भूपेश बघेल ने मीडिया से रूबरू होते हुए सरकार पर लगाए आरोप

# ग्रामीणों को नक्सली बताकर ठूंसा जा रहा है जेल में, परिजनों को नहीं मिला न्यायः भूपेश का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

नक्सली मामले में कांग्रेस सरकार ने जेल में कैद नक्सली से जुड़े लोगों को छोड़ा था। विष्णु सरकार में फिर से नक्सल के नाम पर कांकेर जिले में लगभग 25 ग्रामीणों को जेल भेजा गया है। एक साल पहले रस्सी जंगल लेने गए तीन ग्रामीणों की नक्सली के नाम पर हत्या हो गई। उक्त बातें मीडिया से रूबरू होते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहीं। बीजापुर जाते समय पूर्व मुख्यमंत्री कांकेर विश्रामगृह में कुछ समय के लिए रूके थे। इस दौरान कोयलीबेड़ा इलाके से पहुँचे पीड़ित लोगों से मुलाकात की। उसके उपरांत मीडिया से मुलाकात करने के उपरांत चुने हुए जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करके बीजापुर के लिए रवाना हो गए। मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि कोयलीबेड़ा इलाके में एक साल पहले फर्जी नक्सली मुड़भेड़ में तीन ग्रामीण अनिल हिड़को, रमेश्वर नेगी, सुरेश तेता की मौत हो गई थी। यह सभी आपस के रिश्तेदार हैं और तेंदू पत्ता बांधने के लिए जो रस्सी होता है, उसे बनाने के लिए छाल लेने गए थे। रस्सी बनाने के लिए छाल लेने के लिए जंगल पूरे क्षेत्र के लोग जाते है, वहाँ खाना बनाते है, वहां रूकते है और इसी क्रम में लोग गए हुए थे। नक्सली समझकर इन ग्रामीणों को मार दिया गया, जबकि इनके पास राशन कार्ड, जॉब कार्ड, पेन कार्ड है। पिछले साल तेंदूपत्ता तोड़ाई किए, उसका भुगतान भी हुआ है। सालभर बीतने के बाद भी न दोषी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई हुई और न इन लोगो के साथ न्याय हुआ। कांकेर जिला में नक्सली बताकर जेल में ठूंसा जा रहा है, इसका आंकड़ा 20-25 हो सकता है, कोई निश्चित आंकड़ा हमारे पास नहीं है, कुछ ऐसे नाम है जिनकी गिरफ्तारी कि गई जिसमें श्यामनाथ उसेंडी पिता बनकू, सोनु कुंजाम, ठोडरा पोटाई, चिंटू, मो. अनिश, सोनसाय दर्रा इनमें से कुछ ऐसे तो गांव के पटेल है। शक के निगाह में गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया है, यही काम रमन सिंह के शासन काल में चला, अभी विष्णुदेव साय के सुशासन में फिर से आदिवासियों को जेल में डालने का काम हो रहा है। यह आंकड़े पुलिस के द्वारा बताए भी नही जा रहें हैं। पकड़े और अंदर कर दिए। यह जानकारी कार्यकताओं के आने के बाद जो जानकारी मिली है, वो शेयर कर रहा हूं।



### तेंदूपत्ता तोड़ाई में हो रहा धोखा

पूर्व सीएम ने कहा कि तेंदूपत्ता तोड़ाई का सीजन है और इन्ही से ही आदिवासियों के ग्रामीणों के साल के खर्चा की व्यवस्था होती है, लेकिन इस विष्णुदेव साय सरकार के समय में तीन दिन ही तेंदू पत्ता तोड़ाई का काम करवाया गया है। ग्रामीणों के साथ धोखा किया जा रहा है। बीजापुर में तेंदूपत्ता तोड़ाई नहीं होने से कम से कम 30 से 40 हजार लोग पलायन करके तेलंगाना और आंध्रप्रदेश चले गए, यह विष्णुदेव साय का सुशासन है। बीजापुर के नक्सली मुठभेड़ में सीएम, उपमुख्यमंत्री और अधिकारी अलग अलग आंकड़े दे रहे है, यह सब क्या है, यह कोई नहीं जानता।

# सुशासन तिहार में लोगों की समस्याओं का किया जा रहा समाधान : अरूण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

सुशासन तिहार अंतर्गत नगर पालिका कांकेर द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक की उपस्थिति में 14 मई को भण्डारीपारा वार्ड में समाधान शिविर लगाया गया। जिसमें शहरवासियों की समस्याओं को सुनकर निराकरण किया गया। समाधान शिविर में सुशासन तिहार के पहले चरण में प्राप्त आवेदन पर कार्यवाही करते हुए उनका समाधान किया जा रहा है। भंडारीपारा में आयोजित शिविर में 13 आवेदन प्राप्त हुए थे जिनमें से 8 का निराकरण किया गया। 5 आवेदन अन्य विभाग से संबंधित होने के कारण समाधान के लिए संबंधित विभाग को स्थांनातरित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक ने बताया कि प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव सरकार के द्वारा जनता की समस्या के समाधान के लिए सरकार स्वयं उनके द्वार तक पहुंच रही है। सुशासन तिहार के माध्यम से लोगों से उनकी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन मांगे गए थे और अब पुनः शिविर लगाकर आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है । उन्होने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सुशासन की सरकार है, जो लोगों के समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर है। हमने संवाद से समाधान कार्यक्रम चलाया है, जिसके माध्यम से लोगों की समस्याएं हल हो रही है। उन्होने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से समस्याओं के समाधान और जनसरोकार ▶▶ शेष पेज 12 पर

- भण्डारीपारा वार्ड में शिविर समाधान शिविर



